एन.एस.एस. की पारिजात इकाई व माता शबरी इकाई द्वारा तिरंगा यात्रा का आयोजन

दिनांक 14 अगस्त 2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की पारिजात ईकाई (कृषि संकाय) एवं माता सबरी ईकाई (फार्मेसी संकाय) द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा आयुर्वेद कॉलेज के सामने से प्रारम्भ होकर नर्सिंग कॉलेज होते हुए प्रशासनिक भवन के रास्ते पंचकर्म बिल्डिंग के सामने सम्पन्न हुयी, जहां सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ भारत माता के जय-घोष के साथ राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा, "तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हमारे छात्रों में देशभक्ति की भावना को जागृत करना और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए बलिदानों को याद करना है। यात्रा समापन पर तिरंगे की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डॉ. आयुष कुमार पाठक ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने छात्रों को अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। यात्रा का सफल आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक और डॉ. अभिषेक कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ तथा इस अवसर पर डॉ. कुलदीप सिंह, दिलीप मिश्रा, प्रवीण सिंह, गौरीश नारायण सिंह, जूही तिवारी, श्रेया मद्देशिया, डॉ संदीप श्रीवास्तव और दोनों इकाइयों के सभी स्वयंसेवक व एनसीसी के कैडेडट मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय गोरखपुर
फार्मेसी संकाय

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय
राष्ट्रीय सेवा योजना
पारिजात इकाई
महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय
फार्मेसी संकाय
राष्ट्रीय सेवा योजना
माता सबरी इकाई